# मैं शरण तेरी आया | by Nikunj Prem

इस दुनिया ने मुझे जब ठुकराया
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया

जब ना दिखा मुझे कोई सहारा
तू ही नज़र बस मुझे आया
उलझा हुआ था मैं तो कबसे
प्रभु तूने सुलझाया
इस जग में जब हुआ मैं पराया
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया '

तू है सहारा श्याम हमारा
हारे हुओ का तू ही तो है
नाम तेरा मैं जब भी पुकारा
तूने दिया बढ़के सहारा
खुद को जब अकेला मैंने पाया
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया

नाम तुम्हारा जीवन आधारा
श्याम नाम मुझे प्राणो से प्यारा
हर पल रखता ध्यान हमारा
तू साथ जिसके वो ना हारा
तेरे दर पे ही तो सबकुछ मैंने पाया
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-nikunj-prem/